## संक्षिप्त

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाधान की ओर

**अजमेर।** शहर में जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देशों के बाद प्रशासनिक स्तर पर वार्ताओं का दौर तेज हुआ है और सर्वसम्मत समाधान की संभावना बढ़ी है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में संभागीय आयुक्त एवं नगर निगम प्रशासक शक्ति सिंह राठौड के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में कर्मचारियों की मांगों, शहर की स्वच्छता व्यवस्था तथा आमजन को हो रही असुविधा पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। निर्देश दिए गए कि समस्या का समाधान संवाद और संवेदनशीलता के साथ निकाला जाए तथा कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा करते हुए शहर की सफाई व्यवस्था शीघ्र सामान्य की जाए। शहर में विभिन्न वार्डों में जमा कचरे के निस्तारण के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों और संसाधनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सफाई कार्य को तेज गति से प्रारंभ करने की कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे निकट भविष्य में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी उचित मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि नागरिकों को मूलभूत सेवाओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### कार से जेवर, नगदी चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के एम्स अस्पताल के सामने खड़ी एक कार से अज्ञात चोर नगदी और जेवरात चोरी कर ले गया। कार का गेट खोलकर वारदात को अंजाम दिया गया। कार में रखे बैग से जेवरात और नगदी को निकाला और बैग को वहीं पर छोड़ गया। बासनी थाने में इस बाबत रिपोर्ट दी गई। घटना 19 फरवरी दिन की है। बासनी पुलिस ने बताया कि ब्यावर जिले के अरिहंत नगर शोभापुर डूंगरी रोड निवासी रेखा शर्मा पत्नी गोपाल पंचारिया की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि उनकी रिश्तेदार एम्स अस्पताल में भर्ती है। इसके लिए वह 19 फरवरी को जोधपुर अपनी कार लेकर आई थी। यहां एम्स अस्पताल के सामने कार को सुबह पार्क कर उनसे मिलने अस्पताल के अंदर चली गई। वापिस लौटी तब पता लगा कि ड्राइवर सीट के पास में रखा बैग खुला था और उसमें रखे दो ढाई लाख रूपए चोरी कर लिए गए। किसी शख्स द्वारा कार का गेट खोलकर वारदात को अंजाम दिया है। बासनी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अब जांच आरंभ की है।

### चोरी का आरोपी 15 घंटे में गिरफ्तार

**फुलेरा।** पुलिस थाना फुलेरा ने राजकीय उपजिला अस्पताल में चोरी की वारदात करने वाले आरोपी को मात्र 15 घंटे में गिरफ्तार कर 28 हजार रुपये नकद बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार 20 फरवरी को परिवादी बलवीर गुर्जर निवासी बाघपुरा थाना नरेना ने थाना फुलेरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 19 फरवरी को वह उपजिला चिकित्सालय फुलेरा में दवाई लेने के लिए लाइन में खड़ा था। इसी दौरान दो युवक उसके पीछे आकर खड़े हो गए और उसकी जेब में रखे 35 हजार रुपये में से 28 हजार रुपये निकालकर फरार हो गए।

# पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षा विभाग की तकनीक-संचालित शैक्षिक पहलों को वैश्विक स्तर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। गेट्स फाउंडेशन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने तिजारा ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुरहेड़ा का भ्रमण कर राज्य में संचालित एआई आधारित ओरल रीडिंग फ्लूएंसी मूल्यांकन प्रक्रिया का अवलोकन किया। यह मूल्यांकन 'प्रखर राजस्थान 2.0' के अंतर्गत पठन कौशल के सटीक आकलन और सीखने के स्तर में सुधार हेतु लागू किया गया है।

भ्रमण के दौरान निदेशक माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य में लागू डिजिटल शिक्षण मॉडल, कक्षा-केंद्रित नवाचारों तथा पीएम श्री विद्यालयों के अंतर्गत विकसित किए जा रहे उत्कृष्ट अधोसंरचना और गतिविधि-आधारित शिक्षण वातावरण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई आधारित



गेट्स फाउंडेशन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने तिजारा ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुरहेड़ा का भ्रमण किया।

ओआरएफ मूल्यांकन से विद्यार्थियों के पठन कौशल का डेटा-आधारित विश्लेषण संभव हो रहा है, जिससे शिक्षण रणनीतियों को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद कर ओआरएफ प्रक्रिया को समझा तथा बच्चों के पठन कौशल का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने पीएम श्री विद्यालयों में विकसित हो रही डिजिटल सुविधाओं, स्मार्ट कक्षाओं और नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों की प्रगति की सराहना की, जो भविष्य उन्मुख शिक्षा मॉडल की दिशा

- गेट्स फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने किया शिक्षा विभाग की गतिविधियों का अवलोकन

में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं। अवलोकन के दौरान यह भी सामने आया कि तकनीकी समाधान, क्षमता निर्माण कार्यक्रम और डिजिटल सामग्री के उपयोग से कक्षा शिक्षण अधिक सहभागितापूर्ण एवं परिणामोन्मुख बन रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, आत्मविश्वास और सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। गेट्स फाउंडेशन की ओर से प्रतिनिधिमंडल में लीड ग्लोबल एजुकेशन बेंजामिन पाइपर, डिप्टी डायरेक्टर ग्लोबल एजुकेशन इनोवेशन एवं कंट्री इम्प्लीमेंटेशन जोनाथन स्टर्न तथा सतीश मेनन शामिल रहे।

### गोपनीय कार्यों एवं नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

**अजमेर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़ ने शनिवार शाम बोर्ड कार्यालय पहुंचकर परीक्षा से संबंधित गोपनीय कार्यों और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने अवगत कराया कि परीक्षा सामठी परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित रूप से पहुंचाई जा रही है तथा परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिकाएं गोपनीय पद्धित से मूल्यांकन के लिए भेजी जा रही हैं। परिवहन की विशेष व्यवस्था की गई है और सभी जिलों में परीक्षा निर्बाध रूप से जारी है। निगरानी के लिए निगरानी कैमरे, केंद्रीय नियंत्रण कक्ष और उडनदस्तों की व्यवस्था की गई है। प्रशासक ने नियंत्रण कक्ष में स्थापित दूरभाष लाइनों के माध्यम से की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली और स्वयं व्यवस्थाओं का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा संबंधी किसी भी कार्य में लापरवाही न बरती जाए और सभी प्रक्रियाएं पूरी निष्पक्षता तथा संवेदनशीलता के साथ संपादित हों।

## सार-समाचार

### मर्डर-डकैती करने वाली गैंग के 9 को उम्रकैद

**भरतपुर (निस)।** भरतपुर की विशिष्ट न्यायाधीश डकैती प्रभावित क्षेत्र कोर्ट ने छहमारु गैंग के 9 सदस्यों को उम्रकैद और 60 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। 9 में से 4 आरोपी जेल में हैं और 5 अभी भी फरार हैं। इससे पहले हत्या और डकैती के मामलों में आरोपी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। आरोपियों ने साल 2019 में भरतपुर में 2 मर्डर और 2 डकैती और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। पब्लिक प्रोसिक्यूटर उमाशंकर शर्मा ने बताया कि लक्ष्मण सिंह निवासी तुहिया ने 23 जुलाई 2019 को उद्योग नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया था कि 22 जुलाई 2019 मैं अपने तुहिया गांव में ही था। मेरे पिता टोंटपुर इलाके स्थित मकान से फोन कर बताया कि करीब 5 बदमाश घर में घुसकर लूटपाट कर ले गए हैं और, तेरी मां शीला के साथ मारपीट कर गए हैं। जो गंभीर रूप से घायल हैं। लक्ष्मण का भाई राकेश कुमार तुरंत अपने पिता के मकान पर पहुंचा। वहां पर शीला देवी घायल हालत में पड़ी थी। घर का सारा सामान फैला हुआ था। राकेश को उसके छोटे भाई की पत्नी ने बताया कि शीला देवी और राकेश का बेटा अतुल घर के बाहर वाले कमरे में सो रहे थे। आशा अपनी बेटी तन्नू के साथ अंदर वाले कमरे में सो रही थी। जब शीला के चिल्लाने की आवाज आई तो, आशा तुरंत कमरे में गई। वहां पर 5 बदमाश शीला से मारपीट कर रहे थे। बदमाशों ने शीला देवी के गले, हाथ पैरों से सोने चांदी के गहने निकाल लिए, जब आशा ने शोर मचाया तो, बदमाशों ने आशा से भी मारपीट की थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद उद्योग नगर थाना पुलिस ने साल 2020 में आरोपियों को पकड़ा। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया। मामला कोर्ट में चला कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ 121 दस्तावेज और 24 गवाह पेश किये गए। पब्लिक प्रोसिक्यूटर उमाशंकर शर्मा ने बताया कि आज न्यायाधीश गुंजन गोयल ने मामले में 9 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा और 60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। 4 आरोपियों आरिफ निवासी मुरादाबाद, नाजिम निवासी बदायूं, नदीम निवासी मुरादाबाद, सलमान निवासी बरेली को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। वहीं अभी पांच आरोपी फरार हैं।

### हादसे में दो युवकों की मौत

**नदबई भरतपुर (निस)।** हलैना सड़क मार्ग पर पीली के पास शनिवार शाम शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक पर सवार होकर हलेना से नदबई की ओर आ रहे थे, तभी रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दोनों को हलेना 108 एंबुलेंस से पहुंचाया हलेना अस्पताल डॉक्टरों ने दोनों को किया मृत घोषित। थाना अधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान विजय सिंह निवासी भदीरा थाना नदबई तथा ओमप्रकाश निवासी गंगरसोली थाना कुम्हेर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतकों को मोर्चरी में रखवाया।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**पावटा।** जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 8 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी लीलाराम कंजर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि जिले के सभी थानाधिकारियों को वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे।

### परीक्षा के दौरान छात्रा की तबीयत बिगड़ी

**अजमेर।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छीपाबड़ौद में बोर्ड परीक्षा के दौरान एक छात्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। सूचना मिलते ही बोर्ड प्रशासन ने तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई।

छात्रा परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्र हल कर रही थी, तभी उसे रक्तचाप संबंधी समस्या हो गई। परीक्षा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने तुरंत स्थिति संभालते हुए नियंत्रण कक्ष को सूचना दी। उस समय सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ परीक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे। उन्होंने तुरंत संबंधित उपखंड अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी अभिमन्यु सिंह कुंतल तथा तहसीलदार सुरेंद्र गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए। विद्यालय में तत्काल चिकित्सक को बुलाकर छात्रा को प्राथमिक उपचार दिलाया गया। उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार हुआ।

# रेगिस्तान से सटे बॉर्डर पर युद्धाभ्यास कल से

- महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज में हवा से टारगेट को मिटाएंगे

**बीकानेर।** भारतीय सेना की वेस्टर्न कमांड के खड़गा कोर की ओर से 23 फरवरी को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 'एक्स खड़गा शक्ति 2026' के तहत व्यापक मल्टी-डोमेन युद्धाभ्यास आयोजित किया जाएगा।

शाम 5 बजे से आर्टिलरी सेक्टर के पॉइंट 223 (वेस्ट कैंप) में शुरू होने वाले इस अभ्यास में सेना की आधुनिक युद्ध क्षमता, प्रिसीजन फायर पावर और संयुक्त ऑपरेशनल समन्वय का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना की ओर से से हो रहे इस प्रदर्शन में भारत की सेना का शौर्य दिखाया जाएगा। युद्ध के समय जवानों की तैनाती, रणनीति और एक के बाद एक हमले की तैयारी को प्रदर्शित किया जाएगा। बीकानेर के महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज में आमतौर पर विदेशी सेनाओं के साथ अभ्यास होता है। इस बार ये अभ्यास भारतीय सेना का ही है। इस दौरान पूरे ऑपरेशन की रूपरेखा और तैनाती की जानकारी दी जाएगी। सभी जवान बतायेंगे कि वे युद्ध के समय कैसे ऑपरेशन को अंतिम रूप देते हैं। आधुनिक स्वॉर्म ड्रोन तकनीक के जरिए लक्ष्य क्षेत्र में सामूहिक कार्रवाई की झलक दिखाई जाएगी।

तोपखाना यूनिट्स तीव्र फायरिंग कर दुश्मन की स्थिति को कमजोर करने की रणनीति प्रदर्शित करेंगी। इस दौरान तोपों की गरज साफ सुनाई देगी। ये तोप रेत के धोरों पर बड़ी आसानी से चढ़ेगी और दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों पर फायर करेंगे। आर्मर्ड एवं मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री युद्धक्षेत्र में मूवमेंट और फायर का प्रदर्शन करेंगी। इस दौरान भी सेना के तोप दौड़ते नजर आएंगे। एक नियत समय में तोपों को तय दूरी तक पहुंचना होगा। वहां से पॉजिशन लेकर टारगेट पर निशाना साधना होगा। सटीक हमले की आधुनिक तकनीक का उपयोग कर लक्ष्य साधे जाएंगे। 'खड़गा शक्ति 2026' के तहत ड्रोन, अटैक हेलीकॉप्टर, आर्टिलरी, आर्मर्ड यूनिट्स और इन्फेंट्री के संयुक्त संचालन की झलक दिखाई जाएगी।

यह अभ्यास भविष्य के युद्ध परिदृश्य में मल्टी-डोमेन ऑपरेशन की तैयारी और सेना की ऑपरेशनल तत्परता को दर्शाता है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में होने वाला यह आयोजन सेना की तकनीकी दक्षता और सामरिक क्षमता का महत्वपूर्ण प्रदर्शन माना जा रहा है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने चरस तस्करी मामले में चार वर्ष से फरार आरोपी को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया।

पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के तहत जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा,पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में हाथीपोल थानाधिकारी राजुदेवी के नेतृत्व में एएसआई शंभूसिंह मय टीम ने प्रकरण संख्या 680/2022 एनडीपीएस एक्ट सुखेर मामले में चार वर्ष से फरार आरोपी नवीनसिंह पुत्र देवेन्द्रसिंह निवासी भटवारी उत्तरकाशी उत्तराखंड को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया।

उक्त मामले में पूर्व में चन्द्रशेखर ने आरोपी नवीनसिंह से कुल 4.5 किलों अवैध चरस को ऋषिकेश उत्तराखंड से खरीद कर लाना बताया था। आरोपी नवीन फरार था।

# नवलगढ़ में पीएनबी गोल्ड लोन घोटाले का बड़ा खुलासा

- पुलिस ने मामले में अब तक आरोपियों के पास से 1 किलो 555 ठााम सोने के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद सोने की बाजार कीमत करीब 2 करोड़ 32 लाख रुपये आंकी गई है। तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमित जांगिड़ ने बैंक में 214 फर्जी गोल्ड लोन खाते खोलकर करीब 8.78 करोड़ रुपए का गबन किया।
- 214 फर्जी खातों पर 8.78 करोड़ का हुआ था गबन, छह और गिरफ्तार

**नवलगढ़, (निसं)।** पंजाब नेशनल बैंक शाखा में हुए फर्जी गोल्ड लोन और गोल्ड चोरी के मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में छह आरोपी और गिरफ्तार किए है। जिसके बाद मामले में अब गिरफ्तार आरोपियों की संख्या आठ हो गई है।

पुलिस पहले ही इस मामले में मुख्य आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर व उसके साथी बैंक के ही एडहॉक सदस्य सहित कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने मामले में अब तक आरोपियों के पास से 1 किलो 555 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं। बरामद सोने की बाजार कीमत करीब 2 करोड़ 32 लाख रुपये आंकी गई है। अब तक की जांच में सामने आया है कि जांच में सामने आया कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमित जांगिड़ ने बैंक में 214 फर्जी गोल्ड लोन खाते खोलकर करीब 8.78 करोड़ रुपए का गबन किया। आरोपी ने बैंक का एडहॉक सदस्य बिजनेस कॉरस्पोंडेंट संचालित करने वाले संतोष सैनी के साथ मिलकर फर्जी खातों के जरिए गोल्ड लोन स्वीकृत किए। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपी असली सोने के आभूषण स्ट्रॉन्ग रूम से निकालकर उनकी जगह नकली आभूषण रख दिए जाते थे और खाताधारकों के ओटीपी प्राप्त कर लोन राशि निकाल ली जाती थी। मुख्य आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर अमित जांगिड पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

उसे पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। संतोष सैनी को भी पुलिस ने पहले ही दबोच लिया था। अब पुलिस ने मामले में शामिल अन्य छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में गुढा गौड़जी थाना इलाके के डूडी नगर ढ ाणियां भोड़की निवासी 40 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र बीरबलराम जाट, नवलगढ़ थाना इलाके के कोलसिया निवासी 29 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र जुगलकिशोर जाट, गुढा गौडजी थाना इलाके के बड की ढाणी निवासी 32 वर्षीय सुनिल कुमार पुत्र अनूपचन्द जाट, नवलगढ़ थाना इलाके के ढाका की ढाणी निवासी 30 वर्षीय सुनिल सुण्डा पुत्र ताराचंद सुण्डा, नवलगढ़ थाना इलाके के बलजी की ढाणी निवासी 40 वर्षीय रमेश सैनी पुत्र मल्लाराम सैनी तथा ठाकुरवाली ढाणी सैनीनगर निवासी 32 वर्षीय धीरज सैनी पुत्र ओमप्रकाश सैनी शामिल हैं। आपको बता दें कि 1 फरवरी 2026 को पंजाब नेशनल बैंक नवलगढ़ शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मुकेश सिहाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 28 जनवरी 2026 को गोल्ड सेफ की जांच के दौरान कई पैकेटों से छेड़छाड़ और असली सोने की जगह नकली आभूषण मिलने का मामला सामने आया। बैंक में गोल्ड सेफ द्वि-नियंत्रण प्रणाली से संचालित होता है, जिसकी संयुक्त जिम्मेदारी तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमित जांगिड और अन्य अधिकारी के पास थी। जिसके बाद एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में एएसपी देवेन्द्र सिंह राजावत, एएसपी क्यूआईडीटी फूलचंद मीणा तथा नवलगढ़ डीएसपी महावीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी अजय सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। डीएसटी और साइबर सेल की टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों की संपत्तियों की जांच कर रही है। मामले में शामिल अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

### 5 हजार रुपये का इनामी आरोपी पकड़ा

**फुलेरा।** फुलेरा थाना पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी वांछित शातिर नकबजन मुन्नु उर्फ सेवाराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फुलेरा थानाधिकारी राजेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 21 दिसंबर 2025 को परिवादी किशनलाल जाट निवासी ग्राम सामलपुरा हाल निवासी 49, अनुविहार कॉलोनी, जोबनेर रोड फुलेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवादी ने बताया कि 18 दिसंबर 2025 को घर पहुंचने पर मुख्य द्वार एवं कमरों के ताले टूटे मिले तथा घर का सामान बिखरा हुआ था। अज्ञात चोर एलईडी टीवी, चांदी की अंगूठियां, गले की चेन, अन्य घरेलू सामान और 5 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। इस संबंध में थाने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूर्व में पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया जा चुका है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई, टीम ने आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से कार्रवाई करते हुए आरोपी मुन्नु उर्फ सेवाराम सोनी (29) निवासी बड़ा बाजार, गोरधनजी मंदिर के सामने, सांभरलेक को डिटेन कर बाद में गिरफ्तार किया।

### शिल्पग्राम में 'ऋतु बसंत' उत्सव में सजी शास्त्रीय सांझ

- गुलजार के वायलिन और उमर के दिलरुबा का छाया जादू
- कविता के ओडिसी नृत्य में शिव व कामदेव के प्रसंग हुए जीवंत

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से से शिल्पग्राम में चल रहे तीन दिवसीय 'ऋतु वसंत' उत्सव के दूसरे प्रसिद्ध वायलिन वादक गुलजार हुसैन और दिलरुबा वादक ने कर्नाटक संगीत पद्धित के राग हंस ध्वनि में जुगलबंदी कर शास्त्रीय संगीत के रसिकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं, कविता द्विवेदी एंड ग्रुप ने ओडिसी नृत्य में शिव-सती और कामदेव के प्रसंगों को मुक्ताकाशी मंच पर जीवंत कर माहौल में क्लासिकल के साथ-साथ आध्यात्मिकता के रंग भी घोल दिए, जो दर्शकों के दिल को छू गए।

देश-विदेश में अपने संगीत से छा चुके जयपुर के वायलिन वादक गुलजार हुसैन और प्रदेश के ख्यातनाम दिलरुबा वादक मोहम्मद उमर ने वायलिन-दिलरुबा की दिमाग से दिल तक उतरी जुगलबंदी पेश कर शिल्पठााम में शनिवार शाम संगीतमयी बना दिया। इस कर्णप्रिय जुगलबंदी में इन मशहूर मूसीकारों (संगीतकार) ने कर्नाटक संगीत का सुमधुर राग हंस ध्वनी के विभिन्न अंगों को पेशकर श्रोताओं के दिलों को छू लिया

इन्होंने आलाप के बाद राग हंस ध्वनी की पहली बंदिश मध्यलय झपताल 10 मात्रा में प्रस्तुत की तो शास्त्रीय संगीत के रसिक वाह-वाह कर उठे। फिर जब इस राग की बहुत प्रसिद्ध बंदिश 'लागी लगन सखी पति संग...' मध्यलय तीन ताल में पेश की। इस बंदिश के दौरान शिल्पग्राम सुधी श्रोताओं की करतल ध्वनि से कई बार गूंज उठा। पेशकश के अंतमें जब इन्होंने दिलरुबा, वायलिन ओर तबले की द्रुतलय में जुगलबंदी की तो इसमें कई जगह मुक्ताकाशी मंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इनके साथ तबले पर मेराज हुसैन और ज़यान हुसैन ने संगत करते हुए प्रस्तुति के दौरान कई जगह पर वाहवाही लूटी।

इसके साथ ही मशहूर कथक नृत्यांगना कविता द्विवेदी के निर्देशन में ओडिसी नृत्य की तीन भावपूर्ण कड़ियां प्रस्तुत की गईं।

# रोहित गोदारा गैंग का तीसरा गुर्गा गिरफ्तार

## पिलानी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- कॉलेज संचालक से मांगी थी 2 करोड़ की फिरौती

**जयपुर/ झुंझुनूं (निसं)।** झुंझुनू जिले की पिलानी थाना पुलिस ने संगङ्गित अपराध के खिलाफ एक और बडी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने कुख्यात रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य ललित उर्फ लिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक कॉलेज संचालक को जान से मारने की धमकी देकर 2 करोड़ रुपये की भारी-भरकम फिरौती की मांग की थी। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि घटना 14 सितंबर 2025 की है, परिवादी संजीव कुमार के पास विदेशी नंबरों से कॉल आने शुरू हुए। डरे हुए परिवादी ने अनजान नंबर होने के कारण पहले कॉल नहीं उङ्गाए, लेकिन 24 सितंबर को कॉल उङ्गाने पर सामने वाले ने खुद को रोहित गोदारा ग्रुप का सदस्य बताया। इसके बाद वॉट्सएप पर वॉइस रिकॉर्डिंग भेजकर 2 करोड़ रुपये की मांग की गई। धमकी यहीं नहीं रुकी; बदमाशों ने चैट के जरिए मैसेज भेजा कि अगर समझौता नहीं किया तो जल्द ही तुझे और तेरे परिवार को ङ्कुकेदार (मार देना) बना देंगे। एसपी उपाध्याय के निर्देशन और पिलानी थानाधिकारी चंद्रभान के नेतृत्व में गङ्गित विशेष टीम ने इस जटिल मामले की जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने करीब कड़ी मशक्कत के बाद पहले इस गैंग के दो गुर्गों विकास उर्फ दुबे और अजय उर्फ पहलवान को गिरफ्तार किया था। उनसे हुई पूछताछ के बाद तीसरे आरोपी ललित उर्फ लिता का नाम सामने आया, जिसे अब पुलिस ने शिकंजे में ले लिया है। आरोपी ललित उर्फ लिता पुत्र जसवंत (28) निवासी स्वामी सेही पहले से ही अन्य मामलों में झुंझुनू जेल में बंद था। पिलानी पुलिस ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया और गहन पूछताछ के बाद उसे इस प्रकरण में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से गैंग के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में आरोपी से गैंग के नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर।** सुखेर थाना पुलिस एवं एटीएस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार बरामद की।

महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' के अन्तर्गत जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी की टीम एटीएस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर नाकाबंदी के दौरान कार को रोक तलाशी ली तो उसमें रखी 06.013 किलोग्राम अवैध गांजा मिला।

### 41 किलो 627 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा जब्त

**पावटा।** महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज, जयपुर द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 41 किलो 627 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान के सुपरविजन एवं वृताधिकारी विराटनगर उमेश निठारवाल के निर्देशन एवं थानाधिकारी भजनाराम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार गठित विशेष टीम ने डीएसटी टीम से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 41 किलो 627 ग्राम डोडा चूरा बरामद किया। मौके से आरोपी रामकुंवार स्वामी (42) पुत्र भवर राम, निवासी ढाणी रामसागर तन भूरी भडाज, थाना प्रागपुरा, जिला कोटपूतली-बहरोड़ को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जयपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का पर्याय बन रहा "लिसोड़ा"

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी पहल एवं पारदर्शी, परिणामोन्मुख शासन की प्रतिबद्धता के तहत राज्य में एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति अभियान को नई गति मिली है। इसी क्रम में जयपुर जिले में लिसोड़ा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन के लिए जिला प्रशासन द्वारा बहुआयामी एवं संरचित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का भी प्रभावी माध्यम बन रही है।

कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में संचालित यह अभियान स्थानीय जैव-विविधता के संरक्षण, हरित आवरण विस्तार तथा आजीविका सृजन की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम विनीता सिंह ने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों में अन्य पौधों के साथ 1 लाख 20 हजार लिसोड़ा पौधे तैयार कर जुलाई से सितम्बर





जयपुर जिले में लिसोड़ा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन के लिए जिला प्रशासन द्वारा बहुआयामी प्रयास किए जा रहे है।

- कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में संचालित यह अभियान स्थानीय जैव-विविधता के संरक्षण में मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है।

2025 के मध्य जिले में वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 485 पंचायत पौधशालाओं में भी लिसोड़ा के पौधे विकसित कर रोपित किए गए हैं।

मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पंच-गौरव योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 90 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस योजना के तहत संरक्षण, पौधरोपण एवं जागरूकता गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया जा रहा है। फ्लेक्स, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा विजुअल एड्स के माध्यम से आमजन को लिसोडा की उपयोगिता एवं महत्त्व से अवगत कराया जा रहा है। स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को अभियान से जोड़ने के लिए 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

# बीटीयू में स्थापित होगा क्लाइमेट रेफरेंस स्टेशन, आईआईटीएम पुणे से एम.ओ.यू.

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय (बीटीयू), बीकानेर एवं भारतीय उष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे के मध्य जलवायु अनुसंधान के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि इस एमओयू के तहत आईआईटीएम, पुणे द्वारा बीटीयू बीकानेर परिसर में भारत क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन नेटवर्क के अंतर्गत एक क्लाइमेट रेफरेंस स्टेशन की स्थापना की जायेगी। यह समझौता बीटीयू बीकानेर को राष्ट्रीय स्तर के जलवायु अनुसंधान नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय जलवायु अध्ययन को नई दिशा मिलेगी। एमओयू पर बीटीयू की ओर से कुलगुरू प्रो. अखिल रंजन गर्ग तथा आईआईटीएम पुणे की ओर से निदेशक डॉ ए. सूर्यचंद्र राव ने हस्ताक्षर किए।



**एमओयू पर बीटीयू की ओर से कुलगुरू प्रो. अखिल रंजन गर्ग तथा आईआईटीएम पुणे की ओर से निदेशक डॉ ए. सूर्यचंद्र राव ने हस्ताक्षर किए।**

**■ यह समझौता बीटीयू बीकानेर को राष्ट्रीय स्तर के जलवायु अनुसंधान नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय जलवायु अध्ययन को नई दिशा मिलेगी**

इस अवसर पर बीटीयू की ओर से डॉ. गणेश पी. प्रजापत (डीन, इंडस्ट्री-इंस्टीट्यूट रिलेशंस), डॉ. ऋतुराज सोनी एवं डॉ. राणुलाल चौहान उपस्थित थे। वहीं आईआईटीएम की ओर से डॉ. सुवर्णा फडनवीस, डॉ. नवीन गांधी सहित अनेक वैज्ञानिक उपस्थित थे। इस अवसर पर बीटीयू के कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि बीकानेर जैसे मरूस्थलीय क्षेत्र में क्लाइमेट रेफरेंस स्टेशन की स्थापना न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह पहल हमारे विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने का अवसर प्रदान करेगी।

बीटीयू को जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं आईआईटीएम पुणे के निदेशक डॉ. ए. सूर्यचंद्र राव ने अपने वक्तव्य में कहा कि यहां स्थापित होने वाला क्लाइमेट रेफरेंस स्टेशन मरूस्थलीकरण, भूमि-वायुमंडल अंतः क्रिया तथा ग्रीन हाउस गैसों के अध्ययन में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक योगदान देगा। बीटीयू के साथ यह सहयोग राष्ट्रीय जलवायु डेटा तंत्र को और सुदृढ़ करेगा।

डॉ. गणेश पी. प्रजापत ने एमओयू की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सहयोग दीर्घकालिक एवं उच्च-परिशुद्धता वाले जलवायु अवलोकनों पर आधारित होगा, जिसमें मौसम संबंधी मानक, ग्रीन हाउस गैसें, ट्रेस गैसें, अल्पकालिक जलवायु प्रभावकारी तत्व तथा अन्य संबद्ध जलवायु चर शामिल होंगे।

बीकानेर जो उत्तर-पश्चिम भारत के शुष्क क्षेत्र एवं थार मरूस्थल के किनारे स्थित है। अपनी अत्यधिक तापमान भिन्नताओं, कम वार्षिक वर्षा, तीव्र सौर विकिरण तथा धूल-आंधी की घटनाओं के कारण एक विशिष्ट मरूस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में दीर्घकालिक जलवायु एवं ग्रीनहाउस गैस मानकों की निगरानी मरूस्थलीकरण को समझने में राष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

## भुट्टों का बास में नशे का कारोबार

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर में नशा युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है और भुट्टों का बास इसका गढ़ बना हुआ है। पुलिस के लिए सिरदर्द बने इसी इलाके में सबसे ज्यादा निगरानी और गश्त करनी पड़ती है। इसके बावजूद नशा बिक रहा है।

भुट्टों का बास में एमडी, स्मैक, गांजा, डोडा-पोस्त और अफीम की बड़े पैमाने पर खरीद-फरोख्त होती है। पुलिस लगातार इस इलाके में निगरानी रखे हुए है। दबिश दे रही है लेकिन नशे के कारोबार पर रोक नहीं लग पाई है। पिछले तीन सालों में भुट्टों के बास में नशे के कारोबार की पड़ताल में सामने आया कि सबसे ज्यादा एमडी और स्मैक बेचा जा रहा है और ज्यादातर खरीदार युवा हैं।

सदर थाना पुलिस में इस दौरान एनडीपीएस के 31 मुकदमे दर्ज हुए और लाखों रूपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए। भुट्टों का बास में 177.42 ग्राम स्मैक, 325 ग्राम एमडी सहित गांजा, डोडा-पोस्त बरामद किया जा चुका है। कार्रवाई के दौरान 45 अभियुक्त गिरफ्तार हुए, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। दो मामलों में पुलिस को अभियुक्तों के ठिकानों से नशा बेचकर कमाये गए 22 लाख रूपए भी बरामद हुए। भुट्टों का बास में नशे का कारोबार करने वालों की सूचना के बावजूद उन्हें पकड़ना पुलिस के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। यहां करीब 30-40 घरों में नशा बिकता है।

## सार-समाचार

### विधि छात्रों ने कोर्ट प्रक्रिया समझी



**विधि विद्यार्थियों ने न्यायालय का भ्रमण कर कार्यप्रणाली को जाना।**

**बीकानेर,** (कासं)। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आज न्यायिक कार्यवाहियों के व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान की जानकारी के अन्तर्गत बीकानेर के विभिन्न न्यायालयों का भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के प्रायोगिक प्रभारी डॉ. रीतेश व्यास ने बताया कि आज विद्यार्थियों ने बार एसोसिएशन बीकानेर के अध्यक्ष अजय पुरोहित के समन्वय से महाविद्यालय के व्याख्याताओं डॉ. शराफत अली, डॉ. राकेश धवन, डॉ. पीयूष किराडू, पवन सारस्वत, सुनीता लूणिया, अंजुमन उस्ता, राजश्री सुथार और मोहिता सिंह के निर्देशन में अलग- अलग समूह बनाकर विभिन्न न्यायालयों में चल रही सिविल एवं फौजदारी प्रकरणों की कार्यवाहियों के विभिन्न स्तरों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वकीलों की बहस को सुना व प्रक्रियात्मक कार्यवाहियों का अवलोकन किया व न्यायालय की तकनीकी प्रक्रियाओं को जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या 5 में पीठासीन अधिकारी अनुभव सिडाणा के न्यायालय में सिविल वाद संख्या 389/2026 स्टेट बनाम शिवरतन में बचाव पक्ष की साक्ष्य मामले में चल रही प्रक्रिया के बारे में जाना। इसी क्रम में पोक्सो न्यायालय में विद्यार्थियों ने पीठासीन अधिकारी अन्नू अग्रवाल के न्यायालय में लोक अभियोजक चतुर्भुज सारस्वत द्वारा न्यायालय की विचारण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। जिसे विद्यार्थियों ने बारीकी से समझने की प्रयास किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 1 में राज्य बनाम संदीप के मामले में अधिवक्ताओं के द्वारा मामले में प्रति परीक्षा से सम्बन्धित प्रणाली को समझा।

### मातृभाषा दिवस मनाया




**श्रीडूंगरगढ में मातृ भाषा दिवस कार्यक्रम को डॉ चेतन स्वामी ने सम्बोधित किया।**

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। मरूभूमि शोध संस्थान के तत्वावधान में मातृभाषा दिवस अनेक आयोजनों के साथ मनाया गया। राजस्थानी 'लोक से लाइक' तक विषय पर आयोज्य ग्यान गोठ में विषय प्रवर्तन करते हुए युवा कथाकार हरीश बी. शर्मा ने कहा कि यूट्यूब, फेसबुक तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से प्रसारित राजस्थानी कंटेंट प्रसिद्धि तो खूब हासिल कर रहा है। इसकी लोकप्रियता को नकारा तो नहीं जा सकता किन्तु राजस्थानी मान्यता के एजेंडे को आगे ले जाने में विफल है। सोशल मीडिया चरण दर चरण आगे बढ़ रहा है, पर राजस्थानी भाषा को राज भाषा बनाने तथा मान्यता दिलाने में मददगार नहीं बन पा रहा है। राजस्थानी कंटेंट तैयार करने वालों को अच्छी स्क्रिप्ट का अभाव रहता है। इस अवसर पर डॉ. तेजसिंह जोधा को महाराणा प्रताप राजस्थानी साहित्य सृजन पुरस्कार, डॉ. कृष्णा कुमारी को पं. मुखराम सिखवाल स्मृति पुरस्कार, श्रीमती प्रेम को सूर्यप्रकाश बिस्सा स्मृति सम्मान तथा पूर्ण शर्मा को डूंगर कल्याणी स्मृति राजस्थानी बाल साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. तेजसिंह जोधा ने काव्य पाठ किया। डॉ. कृष्णा कुमारी, श्रीमती प्रेम, पूर्ण शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए राजस्थानी आलोचक डॉ. चेतन स्वामी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से लगभग पन्द्रह करोड़ लोगों तक राजस्थानी कंटेंट पहुंच रहा है। राजस्थानी भाषा बोलने वाले 12 करोड़ माने जाते हैं पर राजस्थानी कंटेंट को हरियाणा, पंजाब और मालवा के लोगों द्वारा भी देखा जाता है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा राजस्थानी को अधिकाधिक विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाए और नये पाठक तैयार किए जाएं। लेखकीय प्रवृतियां भी बढ़नी आवश्यक हैं।

### पैदल संघ खाटू श्याम रवाना

**जसरासर,** (कासं)। जसरासर से खाटू श्याम मंदिर के लिए श्रीश्याम संग के तत्वावधान में श्रद्धालुओं का पैदल संघ आज सुबह रवाना हुआ। यात्रा शुरू होने से पहले पारीक चौक स्थित मुरली मनोहर के मंदिर में भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया। इस पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूष और युवा भक्त शामिल हुए हैं। श्रद्धालु पूरे रास्ते 'श्याम बाबा की जय' के जयकारों और भजन-कीर्तन के साथ उत्साहपूर्वक आगे बढ़ रहे हैं। यात्रा मार्ग में जगह-जगह पैदल यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। यह पदयात्रा जसरासर से शुरू होकर कतर, सांडवा, सालासर बालाजी मंदिर, सीकर और पलसाना होते हुए खाटू धाम पहुंचेगी। संघ के सदस्यों ने यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जलपान और विश्राम की भी व्यवस्था की है। आयोजकों के अनुसार यह पैदल संघ हर वर्ष आस्था और श्रद्धा के साथ खाटू धाम पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन करता है। श्याम प्रेमी अमित तिवाड़ी ने बताया कि पदयात्रा में हर आयु वर्ग के श्रद्धालु उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण, जिले की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**बीकानेर,** (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत जिले की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया।

**■ जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने प्रेस कांफ्रेंस कर अंतिम प्रकाशन की जानकारी दी**

प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में दिनांक 27 सितम्बर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था। जिसके अन्तर्गत 04 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण के उपरान्त दिनांक 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें बीकानेर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 1725059 थी।

कलेक्टर वृष्णि ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये। इस अवधि में बीकानेर जिले में 38359 फॉर्म-6 के 13010 फॉर्म-7 तथा 9672 फॉर्म-8 स्वीकृत हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11 ए और 11 बी में तैयार की गई। ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गई।

यह सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस प्रकार जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 1725059 मतदाताओं में 1.45 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 1750408 है, जिनमें पुरूष 924743 महिला 825649 तथा ट्रांसजेंडर 16 है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची - 2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) एवं एक हार्ड कॉपी निःशुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई। ये सूची जिला निर्वाचन व मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है। मतदाता अपना नाम ऑनलाइन देख सकते हैं।

## स्काउट गाइड स्थानीय संघ का निरीक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के राज्य मुख्यालय से पूर्ण सिंह शेखावत राज्य संगठन आयुक्त ने आज स्थानीय संघ बीकानेर का निरीक्षण किया और स्काउट गाइड गतिविधियों की जानकारी ली।

इसके साथ ही भवन-भूमि का निरीक्षण करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों से संवाद किया। देवानंद पुरोहित द्वारा भवन भूमि के बारे में जानकारी दी। भुवनेश्वर साध ने वर्तमान में स्काउट गाइड गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। केसरीचंद सुथार ने रक्तदान एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। डॉ उमाकांत गुप्त ने समाज सेवा एवं रोवरिंग गतिविधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर घनश्याम स्वामी रोवर लीडर, जसवंत सिंह राजपुरोहित सीओ स्काउट, रामजस लिखाला, सहायक राज्य संगठन आयुक्त, एवं रवि कुमार चहर, हर्षित स्वामी, श्रीवल्लभ पुरोहित, पी. के. मित्तल, सुरेंद्र कुमार विजय, प्रभुदयाल गहलोत, बनवारी छींपा ने गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

# खेजड़ी कटाई मामले में 7 महीने में भी कार्रवाई नहीं

**बीकानेर,** (कासं)। सोलर प्लांट लगाने के लिए खेजड़ी की कटाई रोकने को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस कितनी संवेदनशील है यह जग जाहिर है। छतरगढ़ थाने में 7 महीने पहले दर्ज हुए मुकदमे में अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

**■ छतरगढ़ थाना पुलिस पर खेजड़ी कटाई के मुकदमे की जांच नहीं करने का आरोप**

परिवादी एसपी से मिलने गए। जांच उच्च अधिकारी से करने की मांग की थी, लेकिन फाइल वापस थाने भेज दी गई। परिवादी एवं पर्यावरण प्रेमियों ने आईजी से मिलने की तैयारी में है। छतरगढ़ में 10 जुलाई 2025 को एक खेत में खेजड़ी के 10 पेड़ काटने की घटना हुई थी। सूचना मिलने पर जीव रक्षा संस्था के उपाध्यक्ष महावीर सिंह बिश्नोई मौके पर गए थे तो जेसीबी से खेजडिया उखाड़ी जा रही थी। खेत समता नगर निवासी सोहनलाल बिश्नोई का था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी को जब्त कर लिया गया। परिवादी जीव रक्षा संस्था के अध्यक्ष मोखराम धारणिया ने राज्य वृक्ष खेजड़ी के पेड़ों की अवैध रूप से कटाई करने पर मुकदमा दर्ज करवा दिया।

प्राथमिकी के अनुसार सोहनलाल के बेटे सेल टैक्स अधिकारी राजकमल बिश्नोई ने मोखराम को धमकी भी दी। जुलाई में दर्ज इस मुकदमे में कोई कार्रवाई नहीं होने पर जीव रक्षा संस्था ने एसपी से मुलाकात की तथा ज्ञापन देकर खेजड़ी कटाई करने वाले आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच नहीं करने का आरोप छतरगढ़ पुलिस पर लगाया। उन्होंने मामले की जांच किसी अन्य उच्च अधिकारी से करने की मांग की थी। मोखराम ने बताया कि एसपी ने जांच बदलने के बजाय फाइल वापस छतरगढ़ थाने भेज दी है। अब सोमवार को इस संबंध में आईजी ऑफिस पर प्रदर्शन किया जायेगा। गौरतलब है कि सोलर प्लांट लगाने को लेकर खेजड़ी की अवैध कटाई के विरोध में पिछले दिनों सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी महापड़ाव और आमरण अनशन पर बैठे थे। प्रदेश भर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन चला।

# प्रवेश पत्र नहीं देने पर बोर्ड परीक्षा से वंचित

**लूणकरनसर,**(कासं)। लूणकरनसर उपखंड क्षेत्र के नाथवाणा पंचायत में निजी विद्यालय पर लापरवाही का आरोप लगा है। आरोप है कि विद्यालय की कथित लापरवाही के कारण हाई स्कूल की छात्रा बोर्ड परीक्षा देने से वंचित रह गई। छात्रा के पिता ने इस संबंध में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लूणकरनसर को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

**■ सीबीईओ ने मामले की जांच के आदेश दिए**

कक्षा 10 की छात्रा प्रियंका स्वामी ने बताया कि उसकी बोर्ड परीक्षा 12 फरवरी से शुरू होनी थी। प्रियंका का आरोप है कि विद्यालय प्रशासन ने उसे द्वेषतापूर्ण तरीके से प्रवेश पत्र नहीं दिया। छात्रा के पिता दीपदास ने बताया कि उनकी बेटी प्रियंका 11 फरवरी को सुबह विद्यालय पहुंची और प्रवेश पत्र देने की गुहार लगाई। हालांकि उसे विद्यालय में प्रवेश भी नहीं करने दिया गया। दीपदास के अनुसार तीन दिन बाद उन्हें घटना का पता चला, जिसके बाद उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रवेश पत्र मांगा लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। दीपदास ने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रबंधन उनसे द्वेष रखता है, जिसके कारण उनकी बेटी की बोर्ड परीक्षा छूट गई और उसका पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो गया। दूसरी ओर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके विद्यालय में कोई भी प्रवेश पत्र लेने नहीं आया था। प्रधानाचार्य के अनुसार प्रवेश पत्र रोके जाने का आरोप निराधार है।

## साध्वी ऋतंभरा का स्वागत

**बीकानेर,** (कासं)। प्रख्यात साध्वी ऋतंभरा शनिवार सुबह बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पहुंची। वे यहां 22 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा एवं 51 कुंडीय विश्व शांति महायज्ञ में भाग लेंगी।

एयरपोर्ट पर उनका पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और आयोजक मौजूद थे। साध्वी ऋतंभरा इस आयोजन में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगी। यह कार्यक्रम सनातन धर्म रक्षा समिति के तत्वावधान में पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित किया जा रहा है। दोपहर एक बजे नगर सेठ लक्ष्मीनाथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें साध्वी ऋतंभरा भी शामिल हुई। कलश यात्रा में उज्जैन का डमरू दल और महाराष्ट्र के पुणे से आई महिलाओं व युवतियों की टीम ढोल-नगाड़ों के साथ आकर्षक प्रस्तुति देगी।

# रास्ते के लिए जमीन देने वालों को ही रेलवे हटाने पर तुला

**बीकानेर,** (कासं)। दो दशक पहले जिन लोगों ने केईएम रोड से फड़बाजार जाने के लिए अपनी जमीनें देकर रास्ता दिया। अब रेलवे उन लोगों को ही हटाने पर तुला है। रेलवे ने दो दिन पहले निगम और बीडीए को पत्र लिखकर कहा कि रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण चल रहा और 6 नंबर गेट से रास्ता होगा। इसलिए करीब 8 दुकानें बीच में आ रही है। इसलिए इनको हटाया जाए।

**■ दो दशक पहले जिन लोगों ने केईएम रोड से फड़बाजार जाने के लिए अपनी जमीनें देकर रास्ता दिया। अब रेलवे उन लोगों को ही हटाने पर तुला है**

दरअसल दो दशक पहले केईएम रोड से फड़बाजार के लिए पांच फीट चौड़ा ही रास्ता था। तत्कालीन यूआईटी प्रशासन ने लोगों को फड़बाजार के रास्ते के लिए जमीन देने को कहा। इसके लिए आठ लोगों की जमीन-दुकान अवाप्त की गई। बदले में यूआईटी का दावा है कि डीआरएम ऑफिस के सामने उन्हें खुद की जमीन पर दुकानें आवंटित की थी। मगर अब उन पर फिर आफत आ गई।

18 फरवरी को उत्तर पश्चिम रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर ने निगम आयुक्त और बीडीए कमिश्नर के नाम एक पत्र लिखा और कहा कि इन दुकानों को हटाया जाए। रेलवे यहां कामर्शियल काम्प्लेक्स बनायेगा। डिप्टी चीफ इंजीनियर ने लिखा कि रेलवे स्टेशन के अपग्रेडेशन का काम 2027 तक पूरा करना है।

डीआरएम आफिस रोड पर 8 कामर्शियल दुकानें 12 फीट लम्बी और 10 फीट चौड़ी हैं जो करीब 30 मीटर जगह घेरे हुए हैं। यहां रेलवे ने एंट्री-एग्जिट प्रपोज की हुई है। इसके साथ ही 11 केवी का एक ट्रांसफार्मर भी है। रेलवे का पत्र देखकर बीडीए और निगम हैरान है। क्योंकि तत्कालीन यूआईटी ने तो अपनी ही जगह पर दुकानें आवंटित की थी। फिर ऐसे कैसे दुकानें हटाई जायेगी। रेलवे ने नगर निगम और बीडीए को पत्र भेजकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली।

# सतत् कृषि एवं देशी पशुधन संरक्षण पर दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बीकानेर,** (कासं)। पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर के कुक्कुट विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.), नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 'सतत् कृषि एवं देशी पशुधन संरक्षण : सुरक्षित भविष्य का आधार' का शनिवार को समापन किया गया।




**डॉ. अजित सिंह यादव, सहायक निदेशक शिक्षा, गुणवत्ता एवं सुधार आई.सी.ए.आर. ने देशी पशुधन संरक्षण पर प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।**

समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अजित सिंह यादव, सहायक निदेशक शिक्षा, गुणवत्ता एवं सुधार (ई.क्यू.ए. एण्ड आर.) आई.सी.ए.आर. ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान पशुओं की विभिन्न नस्लों के संरक्षण का प्रमुख केन्द्र है। वेटरनरी विश्वविद्यालय के पशुधन संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सराहनीय कार्य कर रहा है। डॉ. ए. एस. यादव ने देशी पशुधन के महत्व को देखते हुए आई.सी.ए.आर. द्वारा इनके संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की विवेचना की। डॉ. यादव में बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन कार्यक्रम के तहत देश के पशुधन का डिजिटल रिकार्ड तैयार किये जाने की योजना है। डॉ. यादव ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों हेतु उच्च शिक्षा में शैक्षणिक क्रेडिट बैंक का प्रावधान है। जिसमें विद्यार्थियों की पूरी एकेडमिक प्रोग्रेस की जानकारी हासिल हो सकती है। मुख्य अतिथि डॉ. यादव ने वेटरनरी महाविद्यालय के चिकित्सा संकुल, पुस्तकालय एवं विभिन्न विभागों का अवलोकन भी किया एवं शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार कार्यों की जानकारी हासिल की। वेटरनरी विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने बताया कि राजस्थान कृषि एवं पशुधन आधारित प्रदेश है यहां भेड़, बकरी, भैस, ऊंट की विभिन्न देशी नस्लों का पशुपालकों द्वारा संरक्षण किया जा रहा है। कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने बताया किपशुधन के संवर्धन हेतु और अधिक प्रयास करने होंगे ताकि इनकी गुणवत्ता एवं उत्पादकता का पूर्ण उपयोग किया जा सके। कुलगुरु डॉ. व्यास ने आई.सी.ए.आर. को विश्वविद्यालय के वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया।

# चोरियों का खुलासा, 7 आरोपी गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। जेएनवीसी थाना पुलिस ने शहर में लगातार हो रही चोरी और नकबजनी की वारदातों का खुलासा करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बीकानेर शहर व नागौर जिले में 15 से अधिक चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

पुलिस के अनुसार 13 फरवरी 2026 को प्रार्थी कृष्णकांत मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 फरवरी को रात 1:29 से 1:50 बजे के बीच अज्ञात व्यक्तियों ने उनके मकान का ताला तोड़कर 25 हजार रूपए नकद, एक कैमरा सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान ट्रांसफार्मर वाली गली, संस्कार भवन के पास, भारत बेकरी के पास, नागणेची मंदिर क्षेत्र, वल्लभ गार्डन, पवनपुरी, सेक्टर 4 व 5 जेएनवीसी, खत्रियावास कॉलोनी, हेमू सर्किल, डेयरी बूथ सहित अन्य थाना क्षेत्रों में हुई चोरियों को भी लिंक किया गया। थानाधिकारी विक्रम तिवाड़ी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, टॉवर लोकेशन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की। आरोपी रात में मोटरसाइकिल से घूमकर सूने मकानों की रैकी करते थे। मुख्य गेट पर ताला लगे मकानों को निशाना बनाकर दीवार फांदते, लोहे के सरियों से ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर लेते थे।

ये आरोपी गिरफ्तार विकास निवासी शिवबाड़ी, थाना जेएनवीसी, नदीम पुत्र नानू खान निवासी लक्ष्मी तारा सिनेमा के पीछे, इस्लामपुरा, थाना कोतवाली, जिला नागौर, निखिल तेजी पुत्र मुकेश तेजी निवासी वाल्मीकि बस्ती, शिवबाड़ी, थाना जेएनवीसी, अजीत उर्फ रोकी निवासी उदयरामसर, थाना गंगाशहर, राकेश शर्मा निवासी लक्ष्मी विहार कॉलोनी, जयपुर रोड, थाना सदर शामिल थे।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21-2-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 67 के किला नं. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0''गुणा 45'-6''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री संजय शर्मा पुत्र श्री कलिया प्रसाद शर्मा निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा न. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री संजय शर्मा पुत्र श्री कलिया प्रसाद शर्मा निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 67 के किला न. 11 में भूखण्ड संख्या का माप 20'-0''गुणा 45'-6''फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref No.: 20676255 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21-2-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला न. 9,10 में भूखण्ड संख्या का माप 35'-0''गुणा 70'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री अमरचंद निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा न. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री सुनिल कुमार पुत्र श्री अमरचंद निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला न. 9,10 में भूखण्ड संख्या का माप 35'-0''गुणा 70'-0''फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref No.: 20675902 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

